रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) और (ख) भटनी-वाराणसी मीटर लाइन का बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन एक अनुमोदित परियोजना है और यह कार्य संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप प्रगति पर है।

वाराणसी-इलाहाबाद मीटर लाइन की बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन करने के लिए 1975 में सर्वेक्षण किया गया था और 1982 में इसको अद्यतन किया गया था। इस परियोजना को वित्तीय दृष्टि से अलाभप्रद पाया गया है। इसलिए, इस समय इस खण्ड को आमान परिवर्तन शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

कुम्भ मेले के लिए विशेष रेलगाड़ियां

43. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 13 जनवरी, 1989 से 8 फरवरी, 1989 तक कुम्भ मेले के अवसर पर कितने यात्री विभिन्न रेलगाड़ियो से इलाहाबाद गये और वहां से कितने यात्री वापस आये; और

(ख) इस अवधि के दौरान कितनी मेला-स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई गईं?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) 13.1.1989 से 8.2.1989 तक कुम्भ मेले को सेवित करने वाली विभिन्न गाड़ियों द्वारा इलाहाबाद और इसके समीपवर्ती स्टेशनों से/तक दोनों ओर से लगभग 15 लाख यात्रियों ने यात्रा की।

(ख) 632

रेलवे स्टेशनों का विकास

44. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इलाहाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, गोरखपुर, काठ-गोदाम, इलाहाबाद सिटी, आगरा फोर्ट, लखनऊ जंक्शन (उत्तर रेलवे) और लखनऊ जंक्शन (पूर्वोत्तर रेलवे) रेलवे स्टेशनों को आदर्श-स्टेशनों के रूप में विकसित करने के लिये अब तक क्या कार्यवाही की गयी है; और

(ख) इन स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशनों के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है और इसे कब तब कार्यान्वित किये जाने की सम्भावना है?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) इलाहाबाद, मुरादाबाद, मेरठ सिटी, गोरखपुर, इलाहाबाद सिटी, काठगोदाम, आगरा फोर्ट, लखनऊ जंक्शन (उत्तर रेलवे) और लखनऊ जंक्शन (पूर्वोत्तर रेलवे) को आदर्श स्टेशनों के रूप मे विकसित किये जाने के लिये चुना गया है। इन स्टेशनों पर निर्माण कार्य पहले ही शुरू किया जा चुका है और कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है।

(ख) इन स्टेशनों के ढांचे में परिवर्तन करने के लिए इस शताब्दी के अन्त तक प्रत्याशित यातायात के आधार पर, आवश्यकता के अनुसार, निम्नलिखित सुविधाओं की वयवस्था करना शामिल है:—

(1) पीने के पानी की पर्याप्त सुविधाएं
(2) प्रतीक्षालाय/प्रतीक्षा कक्ष.
(3) ऊपरी पैदल पुलों की पर्याप्त संख्या.
(4) शौचालय सुविधाएं.
(5) बुकिंग एवं आरक्षण सुविधाएं.
(6) विश्राम कक्ष सुविधाएं.
(7) अतिरिक्त प्लेटफार्म और प्लेटफार्म सायवान
(8) क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन.
(9) रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था.
(10) परिचलन और परिसर क्षेत्र में सुधार करना.
(11) स्टेशन भवनों के ढांचे मे यथा-आवश्यक परिवर्तन करना।

इन सभी आदर्श स्टेशनो पर निर्माण-कार्य उत्तरोत्तर रूप से अठवीं योजना के दौरान पूरा हो जाने की संभावना है।

राऊरकेला में केन्द्रीय विद्यालय को बंद किये जाने का प्रस्ताव

45. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: क्या मानव संसाधन विकास मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उड़ीसा में राऊरकेला केन्द्रीय विद्यालय को बंद करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही): (क) जी, हां।

(ख) राऊरकेला स्थित केन्द्रीय विद्यालय परियोजना सेक्टर के अन्तर्गत स्थापित किया गया था और इस विद्यालय का सारा आवर्ती तथा अनावर्ती व्यय राऊरकेला स्टील प्लांट प्राधिकारियों द्वारा वहन किया जाता है जिन्होंने इस स्कूल को प्रोयोजित किया था। इस व्यय को वहन न कर सकने की उनकी असमर्थता को देखते हुए इसके साथ ही इस केन्द्रीय विद्यालय को चरणबद्ध तरीके में बंद करने का निर्णय लिया गया है।

बमरौली हवाई अड्डे पर टर्मिनल सुविधाओं का विकास किया जाना

46. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान इलाहाबाद में बमरौली विमानपत्तन पर टर्मिनल सुविधायें उपलब्ध कराये जाने संबंधी योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस योजना पर अनुमानतया कुल कितनी लागत आने की संभावना है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल): (क) राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 8वीं योजना अवधि के दौरान इलाहाबाद एयरपोर्ट पर बी-737/ए-320 यात्री यातायात के लिए पर्याप्त स्थान, पर्याप्त कार पार्किंग, वाहन पट्टी, वातानुकूलित होल्डिंग स्टेराइल एरिया, विद्युत आपूर्ति प्रणाली प्रदान करने का विचार किया है।

(ख) इस पर अनुमानित लागत 250 लाख रुपए से अधिक होने की आशा है।

Setting up of a branch of UGC in Assam

47. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have received a memorandum from the Ministry of Education, Government of Assam, for setting up of a branch of University Grants Commission in Assam; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI): (a) No, Sir

(b) Does not arise.

Setting up of a Central University in Assam

48. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to answer to Starred Question 81 given in the Rajya Sabha on 16th November, 1988 and state:

(a) by when Government are likely to take a final decision regarding location of the Central university in Assam; and

(b) what are the reasons for non-communication of the decision to the Government of Assam and by when the decision would be made public?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L.P. SHAHI): (a) The Government have decided to set up a Central University in Cachar District of Assam.

(b) The above decision has been communicated to the Government of Assam.